भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1951 का उत्तर

श्रीरामपुर में पुराने रेलवे गेट को बंद किया जाना

1951. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अहमदनगर (महाराष्ट्र) के श्रीरामपुर तालुका में पुराने रेलवे गेट नंबर 44 (ओ एच ई एम 70 404/12-14) के मार्ग को रेल लाइन के दोहरीकरण के बाद बंद कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप लाडगांव, पाढेगांव, मालुंजा, कानेगांव और भेरदापुर के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस मार्ग के बंद होने के कारण छात्रों और किसानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस विशिष्ट स्थान पर अंडरपास के निर्माण की मांग करते हुए ग्राम पंचायतों से ज्ञापन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो सरकार किस समय तक अंडरपास निर्माण की स्वीकृति और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): पुरानी रेल क्रॉसिंग गेट सं. 44 (ओएचई एम 70-404/12-14) राहुरी और पढ़ेगाँव स्टेशनों के बीच पड़ता है। मौजूदा एकल लाइन के लिए, समपार गेट सं. 44 के स्थान पर वर्ष 2015 में 402/5-6 किलोमीटर पर एक निचला सड़क पुल सं. 402/1 का निर्माण किया गया था।

इसके अलावा, दौंड-मनमाड (247 किलोमीटर) दोहरीकरण परियोजना के भाग के रूप में राहुरी और पढ़ेगाँव स्टेशनों के बीच लाइन के दोहरीकरण के दौरान निचला सड़क पुल का विस्तार किया गया था। निचला सड़क पुल के विस्तार के दौरान ग्राम पंचायत की सहमति और कलेक्टर की अनुमति से निचला सड़क पुल का उपयोग 20 दिन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। इसे निचला सड़क पुल के विस्तार का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद खोल दिया गया था।

पुराने समपार गेट सं. 44 के स्थान पर भूमिगत मार्ग/उपरि पैदल पुल के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर निर्भर करती है।

किसी भी रेल परियोजना की मंजूरी कई पैमानों/कारकों पर निर्भर करती है जिनमें निम्नलिखित शामिल है:

- **प्रत्याशित यातायात अनुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता**
- **परियोजना द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली आरंभिक और अंतिम छोर संपर्कता**
- **मिसिंग लिंकों का संयोजन और वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराना**
- **संकुचित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन**
- **राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई मांगें**
- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएं**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधियों की समग्र उपलब्धता**

****